भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1770
(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जारी निधियां

1770. श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद रावः
श्री केसिनेनी श्रीनिवासः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत चार वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) आंध्र प्रदेश में योजना के अंतर्गत सम्मिलित किए गए जिलों के नाम क्या हैं; और
(ग) इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में कितने घर बनाए जाने की संभावना है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) : प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य को 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान रिलीज की गई निधियां इस प्रकार हैं:

वर्ष	पीएमएवाई-जी के अंतर्गत रिलीज की गई केंद्रीय सहायता (रु. करोड़ में)	पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत की गई केंद्रीय सहायता (रु. करोड़ में)
2015-16	281.13*	1,159.83
2016-17	217.13	4.45
2017-18	351.93	2,971.65
2018-19	186.05	6,153.25

*इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत रिलीज की गई

(ख) : आंध्र प्रदेश के सभी जिले पीएमएवाई-जी के अंतर्गत शामिल हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मांग सर्वेक्षण किए जाने के बाद पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवास की वास्तविक मांग का आकलन किया जाता है।

(ग) : दिनांक 28 जून, 2019 तक पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में कुल 5540 मकानों का निर्माण किया गया है।

*****